आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 07.05.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- श्रम और रोजगार मंत्रालय, द्वीपसमूह भवन और अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड एवं पंजीकृत लाभार्थियों के लिए कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित करेगा।
- प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के तहत एक सौ पांच भूमिहीन लाभार्थियों को भूमि सौंपी गई।
- द्वीपसमूह में स्वास्थ्य सेवा से जुड़े संस्थानों से बायोमेंडिकल अपशिष्ट प्रबंधन नियम दो हजार सोलह का कड़ाई से पालन करने को कहा गया है।
- उद्योग निदेशालय एक वर्षीय पारंपरिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है।

<><><><><><><>

श्रम और रोजगार मंत्रालय, के निर्देशानुसार, द्वीप समूह भवन और अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड, पंजीकृत लाभार्थियों और उनके आश्रितों के लिए अल्पकालिक कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य लाभार्थियों को अपने कौशल सीखाकर उनकी कार्यक्षमता को बेहतर बनाना है। प्रशिक्षण के तहत विभिन्न ट्रेडो में तीन सौ तीस से पांच सौ सत्तर घंटे की अवधि के पाठ्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जो पूरी तरह से निःशुल्क होंगे। इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह भवन और अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड के पते पर जमा कर सकते है। पाठ्यक्रम पूरा होने के बाद उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

<><><><><><><>

आवासीय लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, दक्षिण अंडमान के जिला प्रशासन ने C-D- ब्लॉक फरारगंज में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 105 भूमिहीन लाभार्थियों को भूमि सौंपीं। प्रशासन ने अब सीमांकन की प्रक्रिया पूरी कर ली है, जिससे लाभार्थी अपने स्थायी घरों का निर्माण शुरू कर सकेंगे।

इस अवसर पर प्रधान, C-D- ब्लॉक फरारगंज के खंड विकास अधिकारी उपस्थिति थे। जिला प्रशासन ऐसी पहलों को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सभी पात्र लाभार्थियों को समय पर सहायता और सहयोग प्राप्त हो सकें।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन की ओर से टीबी मुक्त भारत अभियान कें अंतर्गत – 100 दिवसीय अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य टीबी के मामलों की शीघ्र पहचान, मृत्यु दर में कमी, नए मामलों की रोकथाम तथा जन भागीदारी के माध्यम से जागरूकता बढ़ाना है। अभियान के तहत अब तक पांच सौ चव्वालीस आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किए गए तथा कई गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे टीबी के प्रति लोगों में जागरूकता और इससे जुड़े सामाजिक भेदभाव को समाप्त करने का प्रयास करें।

उधर, आयुष्मान आरोग्य शिविर के 100 दिवसीय अभियान के तहत निकोबार ज़िले के मकाचुआ गाँव में, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान लोगों की चेस्ट एक्स–रे जांच की गई। ये पहल दूर–दराज़ के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने और टीबी की समय पर पहचान सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

<><><><><><><>

समग्र शिक्षा केंद्र की ओर से दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहें हैं। इस पहल का उद्देश्य द्वीपों में गतिशीलता, पहुंच, संचार, शिक्षा और स्वतंत्र जीवन को बढ़ावा देकर दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार लाना है। इनमें व्हीलचेयर, वॉकर, छड़ी, श्रवण यंत्र जैसे अन्य कई उपकरण शामिल हैं। सभी पात्र लाभार्थियों से कहा गया है कि वे आवश्यक दस्तावेज़ों के साथ इस योजना का लाभ उठाएं। यह पहल एक समावेशी और सुलभ समाज के निर्माण के प्रति केंद्र सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। अधिक जानकारी के लिए शनिवार को छोड़कर सभी कार्यदिवसों में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे के बीच समग्र शिक्षा केंद्र से सम्पर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में स्वास्थ्य सेवा से जुड़े संस्थानों से बायोमेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन नियम, दो हजार सोलह का कड़ाई से अनुपालन करने को कहा गया है। इस संबंध में सभी संस्थानों को जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन नियम के प्रावधानों के तहत जैव–चिकित्सा अपशिष्ट, प्रबंधन, उपचार, प्रसंस्करण और निपटान के लिए प्राधिकरण प्राप्त करना आवश्यक है। इसके अलावा जल और –प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम के तहत ऐसी सुविधाओं, अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति से स्थापना, संचालन और उसके नवीनीकरण की सहमति प्राप्त करना अनिवार्य है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी संशोधित वर्गीकरण के अनुसार उद्योगों को उनकी क्षमता के आधार पर लाल, नारंगी, हरा और सफेद श्रेणियों में रखा गया है। सभी संबधितों को इन नियमों का पालन करने को कहा गया हैं।

<><><><><><><>

उद्योग निदेशालय में शैक्षणिक वर्ष 2026–27 के लिए एक वर्षीय पारंपरिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उद्योग निदेशालय, युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न केंद्रों पर रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। श्री विजयपुरम, डिगलीपुर, लिटिल अंडमान और कार निकोबार स्थित प्रशिक्षण केन्द्रों में विभिन्न पाठ्‌यक्रमों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसमें 15 से 45 वर्षीय 10वीं कक्षा पास उम्मीदवार भाग ले सकते हैं। उनका द्वीपसमूह निवासी होना अनिवार्य है। पात्र प्रशिक्षार्थियों को 1,000 रूपये प्रति माह वजीफ़ा प्रदान किया जाएगा। आवेदन फार्म 11 मई, से जारी किए जाएंगे। आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 जून, है। आवेदन फार्म उद्योग निदेशालय के प्रशिक्षण सेल और डिगलीपुर, हट बे एवं कार निकोबार के विस्तार कार्यालयों से प्राप्त किए जा सकते है।

<><><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा जुलाई, 2026 सत्र के लिए सभी ODL और ऑनलाइन कार्यक्रमों के पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 जून, निर्धारित की गई है। यह प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है। विद्यार्थी IGNOU समर्थ स्टूडेंट पोर्टल के माध्यम से पुनः पंजीकरण कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए, IGNOU क्षेत्रीय केंद्र  से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार इंटर–कॉलेज फेस्ट 'संस्कृति 2026' का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर शिक्षा निदेशक, डॉ. केशव नरेंद्र सिंह मुख्य अतिथि थे।

अपने संबोधन में, उन्होंने सभी कॉलेजों, आयोजकों और छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए शैक्षणिक पढ़ाई के साथ–साथ अपनी रचनात्मक और सांस्कृतिक क्षमताओं को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में टैगोर कॉलेज चौंपियन रहा। इस अवसर पर टैगोर कॉलेज की प्राचार्या, डॉ. मंजुलता राव ने सांस्कृतिक फेस्ट के समन्वयक, कर्मचारियों और छात्रों के प्रयासों की सराहना की। इस दौरान सभी विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

अंडमान में दो सौ से अधिक स्कूबा डाइवर्स ने पानी के भीतर बनाया रिकॉर्ड के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स ने प्रमुखता से सचित्र प्रकाशित किया है। इस खबर के अलावा द्वीप समाचार ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत एक सौ पांच भूमिहीन लाभार्थियों को भूमि का अधिपत्य सौंपने के समाचार को प्रमुखता दी है। द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने नेताजी स्टेडियम खेल परिसर में पैंतालीस दिवसीय ग्रीष्मकालीन कोचिंग कैंप के समाचार को अपनी खबर बनाई है। इसके अलावा अखबार ने कॉपरेटिव बैंक से दिलानीपुर जंक्शन तक सड़क पर ट्रैफिक जैम की समस्या को भी अपने पहले पन्ने में जगह दी है। इंफो इंडिया ने कैम्पबेल–बे स्थित जनजातिय सामुदायिक हॉल में आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित करने के समाचार को अपने अखबार के मध्य में जगह दी है, जबकि द इको ऑफ इंडिया ने सांसद द्वारा दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के शैक्षणिक सत्र के लिए कॉलेजों में अतिथि प्रवक्ताओं के विस्तार के समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>